दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 19 मई 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 231

## महत्वपूर्ण एवं खास

### जयपुर-आगरा नेशनल हाइवे पर डिवाइडर से टकराई बाइक, युवक की मौत

**दौसा (आरएनएस)।** शहर के आगरा रोड पर गिरिराज धरण मंदिर के पास बीती रात सडक़ हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर बाइक के डिवाइडर से टकराने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।मृतक की पहचान बांदीकुई के साहूपाड़ा निवासी महेंद्र गुर्जर के रूप में हुई। सूचना मिलते ही परिजन व रिश्तेदार जिला अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने शनिवार सुबह पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

### हरियाणा के नूंह में टूरिस्ट बस में लगी आग, आठ की मौत, कई घायल

**नूंह (आरएनएस)।** हरियाणा के नूंह में बीती रात एक टूरिस्ट बस में आग लग जाने से उसमें सवार आठ लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। इसके अलावा कई घायल बताये जा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बस में करीब 60 लोग सवार थे। वीडियो में सडक़ पर खड़ी बस पूरी तरह आग की चपेट में दिख रही है। घटना के बाद आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई। बस में आग लगने के कारण के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है। अब तक आठ लोगों के मरने की पुष्टि हो चुकी है जबकि 20 से ज्यादा लोग घायल बताये जा रहे हैं।

### जम्मू-कश्मीर के सेवानिवृत्त एसपी सरकारी गोपनीयता कानून के तहत गिरफ्तार

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के एक सेवानिवृत्त पुलिस अधीक्षक (एसपी) को बीती रात सरकारी गोपनीयता कानून (ओएसए) के तहत गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने बताया कि सेवानिवृत्त एसपी शेख मोहम्मद असलम को एक किताब में कुछ एफआईआर और संवेदनशील जानकारियां प्रकाशित करने के लिए गिरफ्तार किया गया है। असलम कुछ साल पहले सेवानिवृत्त हुए थे। वह 1986 में एएसआई के तौर पुलिस सेवा में शामिल हुए थे और तेजी से पदोन्नति पाते हुए एसपी बने। मूल रूप से उधमपुर जिले के निवासी असलम इन दिनों जम्मू शहर के गांधीनगर इलाके में रह रहे हैं।

### सड़क पर चलती कार बनी आग का गोला, चालक ने कूदकर बचाई जान; वाहन जलकर राख में तबदील

**मुजफ्फरनगर (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में एक चलती कार में अचानक आग लग गई। देखते-देखते कार से आग की लपटें निकलने लगी। घटना जिले के कोतवाली नगर इलाके की है। आसपास के लोगों ने फायर ब्रिगेड को कार में आग लगने की सूचना दी। हालांकि, इससे पहले लोगों ने खुद ही आग पर काबू पाने का प्रयास किया था। गनीमत यह रही कि इस घटना में किसी की जान का नुकसान नहीं हुआ है। दरअसल, कार चालक लद्धावाला से रामपुर तिराहा की ओर जा रहा था। तभी अचानक कार में आग लग गई। चालक ने तुरंत कार से कूदकर अपनी जान बचाई। शुरुआती जांच में सामने आया है कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी थी। मुजफ्फरनगर के फायर विभाग के मुताबिक, शनिवार को कोतवाली नगर थाना इलाके में एक कार (आई-20) में आग लगने की सूचना मिली। दमकलकर्मियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। कोई जनहानि नहीं हुई। तकरीबन सुबह 10 बजे कार में आग लगी थी। डैशबोर्ड के पास आग लगते ही पूरी कार लपटों की चपेट में आ गई।

## एक ही परिवार के 5 लोगों की हत्या कर हत्यारे ने भी की खुदकुशी; खून से लथपथ पड़ी मिली लाशें

**सारंगढ़-बिलाइगढ़ । आरएनएस**



छत्तीसगढ़ के सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में शनिवार को एक युवक ने एक परिवार की तीन महिलाओं सहित पांच लोगों की हत्या कर दी। इस नृशंस हत्याकांड के बाद हत्यारे ने खुद भी फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतकों में तीन महिलाएं भी शामिल है। मौके पर पुलिस के आला अधिकारी पहुंचे और मामले की जांच की जा रही है।

सारंगढ़-बिलाइगढ़ जिला के पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा के अनुसार यह घटना सलिहा थाना क्षेत्र के ग्राम थरगांव (चादंन) का है जहां एक ही परिवार के पांच लोगों की टांगी और हथौड़े से एक व्यक्ति ने हत्या कर दी। सभी की लाश खून से सनी हुई मिली। मृतकों में तीन महिलाएं, एक बच्चा और एक पुरुष शामिल है। उसके बाद हत्यारे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम थरगांव में रहने वाले मनोज साहू ने अपने पड़ासे में रहने वाले हेमलाल साहू सहित उसके परिवार के पांच सदस्यों को मौत के घाट उतार दिया। आरोपी मनोज देर रात उनके घर पहुंचा और टंगिया से सभी पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। इस हमले में सभी पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस जघन्य हत्याकांड के बाद आरोपी ने खुद भी उसी घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सलिहा थाना पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही को बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया दिया। मामले की जांच में पता चला है कि आरोपी युवक हेमलाल साहू की पुत्री मीरा से एकतरफा प्यार करता था। 5 साल पहले इस वजह से दोनों ही परिवार के बीच झगड़ा भी हुआ और मीरा के पिता हेमलाल के शिकायत पर मनोज को जेल भेज दिया गया। इस बीच मीरा की शादी सरसीवा के पास रायकोना गांव में हो गई। वहीं अब अपने भाई मदन साहू के शादी में शामिल होने मीरा अपने 3 साल के बेटे दत्युष के साथ गांव पहुंची थी। लेकिन फिर से मीरा को देख मनोज पागल हो गया और बीती रात उनके घर में घुसा। घर में घुसते ही पहले उसने हेमलाल साहू 55 फिर जगमोती 52 और ममता 27 वर्ष की टंगिया से वार कर हत्या कर दी। इसके बाद एक अलग कमरे में सो रही मीरा 25 वर्ष और 3 साल के दत्यूष को मौत के घाट उतार दिया। इस वारदात के बाद पकड़े जाने के डर से मनोज साहू ने भी उसी घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस हत्याकांड के बाद अब इस पूरे परिवार में एक ही सदस्य मदन साहू बचा है। फिलहाल पुलिस इस पूरे हत्याकांड की जांच कर रही है। वहीं इस हत्याकांड से पूरा गांव सदमे में है।

## पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने परिवार के साथ किए रामलला के दर्शन

**अयोध्या । आरएनएस**



दो दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शनिवार को अपने परिवार के साथ रामलला के दर्शन किए।

इस दौरान पूर्व राष्ट्रपति मंदिर परिसर में करीब डेढ़ घंटे तक रहे। उन्होंने राम मंदिर निर्माण सहित पूरे परिसर को देखा। इस दो दिवसीय यात्रा में करीब 80 लोगों को समूह उनके साथ है।

उनकी अगवानी के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चम्पत राय पहले से मंदिर परिसर में थे। पूर्व राष्ट्रपति रामलला के दर्शन-पूजन के बाद कुबेर टीला भी गये और पक्षिराज जटायु की विशाल प्रतिमा के समक्ष श्रद्धापूर्वक नतमस्तक हुए।

पूर्व राष्ट्रपति कोविंद शुक्रवार दोपहर बाद ही परिवारजनों के साथ रामनगरी पहुंच गए थे। पहले से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वह वंदे भारत ट्रेन से परिवार समेत अयोध्या पहुंचे। अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन से सभी जैन मंदिर पहुंचे। इसके बाद पूरे परिवार के साथ पूर्व राष्ट्रपति मां सरयू के तट पर दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे। उन्होंने सरयू की आरती उतारी। फिर हनुमान जी के दरबार पहुंचकर दर्शन किये।

पत्रकारों से बातचीत में पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि सरयू आरती में भाग लेना अपने आप में एक दिव्य अनुभूति है। ऐसा लगता है कि हम 500 वर्ष पूर्व के कालखंड में पहुंच गये हैं। सरयू की कृपा और बहुत सारे कारणों से राम मंदिर का निर्माण संभव हो सका है।

जैन मंदिर के व्यवस्थापक विजय कुमार जैन ने बताया कि पूर्व राष्ट्रपति की यह पूर्ण रूप से धार्मिक यात्रा है।

## 9वीं फेल छात्र यूट्यूब की मदद से बनाने लगा नकली नोट, पुलिस ने किया गिरफ्तार; 2 लाख के नकली नोट बरामद

**मुंबई । आरएनएस**



मुंबई पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। दरअसल, पुलिस ने एक शख्स और उसके साथी को नकली नोटों के साथ गिरफ्तार किया है।

नवी मुंबई गुन्हे शाखा के सहायक पुलिस आयुक्त अजय लांडगे ने बताया कि आरोपी 9वीं फेल है और वह यूट्यूब देख कर नकली नोट बनाना सीखा था। उन्होंने बताया कि आरोपी के पास से दो लाख रुपये से अधिक के नकली नोट बरामद किए गए हैं, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सहायक पुलिस आयुक्त अजय लांडगे ने बताया कि पुलिस को खबर मिली थी कि एक लडक़ा बाजार में नकली नोट चला रहा है। सूचना के बाद पुलिस ने युवक को पकडक़र उससे पूछताछ की तो उसने बताया कि वह यूट्यूब पर वीडियो देखकर नकली नोट बनाना सीखा था।

पुलिस के अनुसार, आरोपी ने अब तक दो सौ, पांच सौ और एक सौ रुपये के नकली नोट बनाए थे और वह अब दस और बीस रुपये के नोट बनाने की तैयारी में था। पुलिस ने आरोपी के साथ-साथ उसके एक साथी को भी गिरफ्तार किया है।

वहीं, इस मामले में शामिल एक आरोपी अभी फरार है। आरोपी बाजार में अब तक करीब एक लाख रुपये का नकली नोट चला चुका है। बाद में जब लोगों को शक हुआ तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी जिसके बाद ये कार्रवाई हुई।

## ऋषिकेश में बड़ा हादसा : आश्रम में एक के बाद एक फटे 2 गैस सिलेंडर, 3 गोवंश की मौत; एक महिला बुरी तरह झुलसी

**ऋषिकेश । आरएनएस**



ऋषिकेश एम्स के पास शनिवार सुबह अचानक एक बड़ा हादसा हो गया। दो गैस सिलेंडर फटने से 3 गोवंशों की जलकर मौत हो गई, वहीं एक महिला बुरी तरह इस आग में झुलस गई। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है।

शनिवार को ऋषिकेश एम्स के पास शिवाजी नगर में बने एक गौ आश्रम से तेज धुंआ निकल रहा था। जिसके बाद वहां भीषण आग लग गई। जिसमें गौशाला में बंधे 3 गौवंश बुरी तरह जलकर मर गए।

दरअसल यहां आश्रम मालिक ने अवैध रूप से कब्जा कर आश्रम बनाया है। जिसमें आकर मरीज और उनके तीमारदारों को ठहराया जाता है। जिस समय ये हादसा हुआ, उस समय करीब 12 लोग आश्रम के भीतर मौजूद थे। उन सभी ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। साथ ही इस हादसे में एक साध्वी झुलस गई।

फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि यहां शिवाजी नगर में मोनी बाबा नाम के एक व्यक्ति ने अवैध कब्जा कर गौ आश्रम बना रखा है।

यहां गोवंश ही नहीं बल्कि एम्स में आने वाले मरीज और उनके तीमारदारों को भी ठहराया जाता है, जिनका कुछ भी लेखा-जोखा आश्रम स्वामी के द्वारा नहीं रखा जाता। वहीं शनिवार सुबह रसोई में कुछ बनाया जा रहा था। इसी दौरान ये हादसा हो गया।

साथ ही, हरिद्वार से एक साध्वी अपने माता पिता का इलाज करने के लिए ऋषिकेश एम्स में उन्हें भर्ती करवाने के लिए आई थी, लेकिन इस हादसे में वो झुलस गई। जिसके बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है।

## टाटा स्टील के इंडिया सेल्स प्रमुख की हत्या में शामिल 50 हजार का इनामी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**गाजियाबाद । आरएनएस**



गाजियाबाद पुलिस और बदमाश के बीच बीती देर रात हुई मुठभेड़ में 50 हजार के इनामी बदमाश को पैर में गोली लगने के बाद गिरफ्तार किया गया। वह 3 मई को शालीमार गार्डन में टाटा स्टील के एक ब्रांड के इंडिया सेल्स प्रमुख की हत्या में शामिल था। उस मामले में उसका दूसरा साथी 10 मई को मुठभेड़ में मारा गया था।

पुलिस ने बताया कि थाना कौशाम्बी पुलिस टीम ने मुठभेड़ में 50 हजार के इनामी आरोपी को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक अवैध हथियार और चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है। डीसीपी ट्रांस हिंडन ने बताया है की 17-18 मई की रात पुलिस संदिग्ध वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान कौशांबी इलाके में एक बाइक सवार युवक को रुकने का इशारा किया गया।

युवक रुकने की बजाय भागने लगा। जब पुलिस ने उनका पीछा किया तो उसने पुलिस पर गोली चला दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आमिर घायल हो गया। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में उसने बताया कि वह अपने साथी के साथ 3 मई को विनय त्यागी की हत्या और लूट के मामले में शामिल था।

त्यागी टाटा स्टील के ब्रांड टाटा प्रवेश के इंडिया सेल्स प्रमुख के पद पर थे। कंपनी इस ब्रांड के तहत घरों के लिए तैयार खिड़कियां और दरवाजे बनाती है।

इससे पहले गाजियाबाद के थाना साहिबाबाद इलाके में 10 मई को पुलिस और दो बाइक सवार बदमाशों के बीच मुठभेड़ में त्यागी की हत्या में शामिल एक बदमाश को गोली लगने के बाद घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई थी। मारे गए आरोपी का नाम अक्की उर्फ दक्ष, निवासी सीलमपुर था।

गौरतलब है की गाजियाबाद के राजेंद्र नगर इलाके में रहने वाले विनय त्यागी 3 मई की रात जब 11 बजे तक अपने घर नहीं पहुंचे तो परिवार वालों ने उनकी तलाश शुरू की। पुलिस को भी इसकी जानकारी दी गई। सुबह तीन बजे के आसपास घर से तीन किलोमीटर दूर सडक़ के किनारे उनका शव मिला था। शुरुआती जांच में पुलिस को पता चला था कि विनय त्यागी का लैपटॉप, मोबाइल और पर्स गायब है। जिसके बाद बदमाशों की तलाश की जा रही थी।

## नोएडा : मुठभेड़ में नजाकत उर्फ केटीएम गिरफ्तार, दिल्ली-एनसीआर में 100 से ज्यादा वारदातों में नाम

**दिल्ली/नोएडा । आरएनएस**

दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद समेत पूरे एनसीआर में चेन स्नेचिंग के 100 से ज्यादा मामलों में शामिल एक बदमाश को दिल्ली पुलिस और नोएडा पुलिस की टीमों ने संयुक्त ऑपरेशन में मुठभेड़ के दौरान उसके साथी के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को उसके पास से एक तेज रफ्तार केटीएम बाइक बरामद हुई है। जुर्म की दुनिया में उसे नजाकत उर्फ केटीएम के नाम से जाना जाता है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, नोएडा के थाना सेक्टर-49 पुलिस और दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच टीम ने नोएडा, गाजियाबाद, दिल्ली/एनसीआर में लूट/झपटमारी करने वाले गैंग के नजाकत उर्फ केटीएम उर्फ भूरा और हर्ष को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से छीनी हुई दो सोने की चेन, दो चोरी/स्नैच किये हुए मोबाइल, अवैध हथियार और घटना में इस्तेमाल होने वाली एक केटीएम बाइक बरामद हुई है।

मुठभेड़ के दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायर किया था जिसके बाद पुलिस की जवाबी कार्रवाई में नजाकत के पैर में गोली लगी। उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

पुलिस ने बताया कि नजाकत नोएडा, गाजियाबाद, दिल्ली/एनसीआर क्षेत्र में चेन छीनने और झपटमारी की 100 से अधिक घटनाओं में शामिल रहा है। नजाकत (26) अमरोहा जिले का रहने वाला है। वह वर्तमान में थाना लोनी बार्डर इलाके में रह रहा है। उसका साथी हर्ष (22) मेरठ का रहने वाला है। पुलिस ने नजाकत के रिकॉर्ड की जांच की तो नोएडा के अलग अलग थानों में उसके खिलाफ 35 मामले और दिल्ली के अलग-अलग थानों में 34 मामलों का पता चला है। कुल मिलाकर अभी 69 दर्ज मामले की जानकारी हुई है। पुलिस इसके और पुराने रिकॉर्ड खंगाला रही है।

अभियुक्त पूर्व में लूटी गयी चेनों को सुनार को देने के लिये जा रहे थे। इसी दौरान दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम उनका पीछा कर रही थी। तभी ये बदमाश नोएडा भाग आये थे। इसके बाद सूचना पर थाना सेक्टर -49 पुलिस ने भी अभियुक्तों का पीछा किया। इस दौरान अभियुक्तों की बाइक फिसल गयी। अभियुक्त नजाकत ने पुलिस पर जान से मारने की नियत से गोली चलाई। जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी।

## श्री माता वैष्णों देवी श्राइन बोर्ड की अनोखी पहल, तीर्थयात्रियों को अब प्रसाद के रूप में मिलेगा एक पौधा

**जम्मू । आरएनएस**



जम्मू-कश्मीर में श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड द्वारा अपनी तरह की पहली पहल में श्री माता वैष्णो देवी के दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों को प्रसाद के रूप में एक पौधा दिया जाएगा। श्री माता वैष्णो देवी का यह मंदिर प्रदेश के रियासी जिले में कटरा शहर की त्रिकुटा पहाडिय़ों पर स्थित है।

माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के सहायक वन संरक्षक विनय खजूरिया ने कहा, निहारिका भवन में एक कियोस्क स्थापित करने का निर्णय लिया गया है, जो भक्तों को 'प्रसाद' के रूप में पौधे प्रदान करेगा ताकि लौटने पर वे इसे श्री माता वैष्णो देवी के आशीर्वाद के रूप में अपने मूल स्थानों पर लगा सकें।

उन्होंने कहा कि यह पहल लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिये प्रोत्साहित करने और 'पृथ्वी' को जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग से बचाने के लिये की गयी है। उन्होंने कहा, हर साल फूलों की खेती के लगभग दो से तीन लाख पौधे और एक लाख से अधिक वन प्रजातियों को निर्धारित लक्ष्य के रूप में लगाये जाते है।

उन्होंने कहा, अगले कुछ दिनों में बोर्ड औपचारिक रूप से वैष्णो देवी मंदिर में आने वाले तीर्थयात्रियों को 'प्रसाद' के रूप में पौधे देना शुरू कर रहा है। भक्त माता रानी के आशीर्वाद के रूप में पौधे अपने साथ ले जा सकते हैं।

गौरतलब है कि श्राइन बोर्ड द्वारा विशेष रूप से कटरा के पास पैंथल क्षेत्र के कुनिया गांव में एक उच्च तकनीक नर्सरी स्थापित की गयी है। प्रतिवर्ष लगभग एक करोड़ तीर्थयात्री पवित्र गुफा मंदिर में दर्शन करने के लिये कटरा आते हैं।

## सीएम धामी ने आईजी अरुण मोहन जोशी को दी बड़ी जिम्मेदारी, चारधाम यात्रा में आई भीड़ को करेंगें नियंत्रित

**देहरादून । आरएनएस**



उत्तराखंड की चारधाम यात्रा 2024 को शुरू हुए एक हफ्ता हो गया है। इस साल अभी तक मात्र एक हफ्ते में पिछले साल के मुकाबले दोगुनी संख्या में श्रद्धालु चारधाम यात्रा में दर्शन करने आ रहे हैं। जिसके कारण चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

हालात ये है कि यमुनोत्री गंगोत्री धाम में प्रशासन की व्यवस्था श्रद्धालुओं के लिए नाकाफी साबित हो रही है। जिसके कारण खुद मुख्यमंत्री धामी ने ग्राउंड पर जाकर चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं की समस्याओं को सुना, साथ ही तमाम अधिकारियों को सख्त निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री धामी ने आईपीएस अधिकारी आईजी अरुण मोहन जोशी को यमुनोत्री गंगोत्री धाम की व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी है। चारधाम यात्रा इस बार अत्यधिक भीड़ के कारण पुलिस और प्रशासन के लिए चुनौतीपूर्ण बनी हुई है। ऐसे में व्यवस्थाएं सुचारु बनाए रखना आसान नहीं है। इन्हीं अव्यवस्थाओं को व्यवस्थित करने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आईजी अरुण मोहन जोशी को जिम्मा दिया है।

आईजी अरुण मोहन जोशी ने कांवड़ और कोरोना काल में बेहतरीन कार्य किया था। इतना ही नहीं वे भीड़ नियंत्रण के मामले में भी खासा अनुभव रखते हैं। चारधाम यात्रा में कांवड़ जैसे बड़े आयोजन का अनुभव रखने वाले अफसर को जिम्मेदारी देने से उनके अनुभव का लाभ प्रशासन को मिल सकेगा।

हरिद्वार में एसएसपी के रूप में तैनाती के दौरान 2012 में आईपीएस जोशी ने शहर के किनारे बैरागी कैंप शुरू करवाकर भीड़ को एक तरफ करने की नई व्यवस्था शुरू की। उससे कांवड़ यात्रा काफी हद तक पटरी पर आ गई थी। वहीं कोरोनाकाल में जोशी देहरादून के एसएसपी थे।

संकटकाल में उन्होंने लोगों के बीच मदद की कई योजनाएं खुद शुरू कीं। गरीबों के लिए लगातार मुफ्त भोजन, अकेले रहने वाले बुजुर्गों को घर पर दवाएं, भोजन आदि उपलब्ध करवाने के अलावा पीड़ितों को उपचार के प्रबंध किए। इससे पुलिस की लोकमित्र छवि बनी है। वहीं अब उम्मीद है कि चारधाम यात्रा में आने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को व्यस्थित करने में काफी मदद मिल सकेगी।